## एक नजर में

### राष्ट्रीय स्तर पर धार का प्रतिनिधित्व करेंगे राम कुशवाह सीमावर्ती गांव के विकास में निभाएंगे अहम भूमिका

**मांडू.** केंद्रीय गृह मंत्रालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (*MY Bharat*) के संयुक्त तत्वावधान में हुआ चयन। देश के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों को सशक्त बनाने और युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए केंद्र सरकार के %विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026% के लिए धार से होनहार प्रतिभागी राम कुशवाह का चयन किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माई भारत पोर्टल के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रव्यापी चयन प्रक्रिया में जिले के राम कुशवाह लेह लद्दाख के सीमावर्ती गांवों में विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज सात दिवसीय कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।जिला युवा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में %माई भारत% प्लेटफॉर्म पर आयोजित ऑनलाइन क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश से कुल 15 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जिसमें धार जि़ले इससे राम कुशवाह विशाल एवं कुणाल सक्सेना का चयन हुआ जिसमें विशाल एवं कुणाल सक्सेना किसी कारणवश इस कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं एवं राम कुशवाह 3 जून से लेह लद्दाख में आयोजित होने वाले एक सप्ताह के विशेष %विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम% में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।सीमावर्ती गांवों के विकास और संस्कृति को जानेंगे युवा इस कार्यक्रम के तहत चयनित युवाओं को देश की रणनीतिक सीमाओं (जैसे लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड या राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों) पर स्थित 100 से अधिक चयनित गांवों का दौरा करने का अवसर मिलेगा। वहां ये युवा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और स्थानीय शासन निकायों के समन्वय में विभिन्न जमीनी गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण जागरूकता, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय संस्कृति के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सीमावर्ती समुदायों के साथ मिलकर सीधे काम करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को जमीनी स्तर के विकास से जोड़ना और सीमावर्ती गांवों से हो रहे पलायन को रोकने के सरकारी प्रयासों में सहभागी बनाना है। जिला युवा अधिकारी माय भारत दुर्गा राजावत अनिरुद्ध चावड़ा ने बधाई दी

### अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला आयोजित बालिकाओं को दी स्वास्थ्य जानकारी

**बाकानेर।** कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) के निर्देशन में गुरुवार को सेक्टर बाकानेर भवन में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक परवीन शाह ने बालिकाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने की सीख दी। मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी पैड के सही उपयोग, साबुन से हाथ धोने के तरीके, हीमोग्लोबिन की जांच, आयरन फोलिक एसिड गोली के बारे में विस्तार से समझाया गया। परवीन शाह ने कहा कि माहवारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना जरूरी है। यह कोई बीमारी नहीं बल्कि प्राकृतिक प्रक्रिया है। साफ-सफाई रखकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### स्वरागिनी गायन ग्रुप ने किया 12 घंटे लगातार गीत गायन कार्यक्रम

**मनावर।** स्वरागिनी गायन ग्रुप द्वारा 12 घंटे लगातार गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन 31 मई को रखा गया है। जिसमें मध्य प्रदेश एवं आसपास के राज्यों के 70 से अधिक गायक कलाकार शामिल होंगे। जो गायक कलाकारों के इस महाकुंभ में एक से बढ़कर एक सदाबहार फिल्मी गीतों की अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारी कर ली गई है।झस्वरागिनी गायन ग्रुप के संरक्षक विश्वदीप मिश्रा और अध्यक्ष संदीप जाजमे ने जानकारी देते हुए बताया कि गीत गायन का यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा रहेगा। जिसमें लगातार 12 घंटे तक गायक कलाकार अपने गीत प्रस्तुत करेंगे। 12 घंटे तक लगातार गायन का कार्यक्रम संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रतिवर्ष केवल मनावर में ही आयोजित होता है। कार्यक्रम शहर के धार रोड स्थित कृषि उपज मंडी के पीछे पंवार कॉलोनी के गार्डन में रखा गया है। कार्यक्रम प्रात: 10ः00 बजे प्रारंभ होकर रात्रि में 10ः00 बजे इसका समापन होगा। उक्त कार्यक्रम में मनावर सहित कुक्षी, खलघाट, ठीकरी, सिंघाना, बड़वानी, राजपुर ,खरगोन , धार,सेंधवा, गंधवानी,इंदौर ,देवास ,रतलाम ,सहित मध्य प्रदेश के अन्य क्षेत्र एवं गुजरात महाराष्ट्र के गायक कलाकार भी सम्मिलित होंगे। स्वरागिनी गायन ग्रुप ने कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगीत प्रेमियों को शामिल होकर गीत संगीत का आनंद लेने की अपील की है।

### भारतीय युवा खेल महासंघ के मध्यप्रदेश राज्य सचिव बने ललित पाटीदार



**धार।** भारतीय युवा खेल महासंघ के राज्य सचिव बने ग्राम कडोद कला धार जिले के ललित पाटीदार दिनांक 28 5 2026 को भारतीय युवा खेल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवांशीशजी शर्मा सचिव लक्ष्मण सिंह जी कोषाध्यक्ष यशस्वी राज शर्मा जी हमारे बड़े भाई साहब बुद्ध प्रकाश शर्मा जी व वीरेंद्र सिंह जी जादौन आप सभी के नेतृत्व में आज मुझे भारतीय युवा खेल महासंघ मध्य प्रदेश राज्य सचिव के पद के लिए नियुक्त किया है सभी भारतीय युवा खेल महासंघ के पदाधिकारी ने जो मुझे राज्य के सभी जिलों में भारतीय खेल युवा महासंघ की टीम का गठन करने के लिए और युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए एवं उनका उत्साह बढ़ाने के लिए जो मेरे ऊपर इतना भरोसा किया है उनके भरोसे पर मैं हमेशा खरा उतरूंगा और सभी युवा खिलाड़ियों मदद के लिए हमेशा तैयार रहूंगा मैं ललित पाटीदार भारतीय युवा खेल महासंघ का राज्य सचिव सभी भारतीय युवा खेल महासंघ के पदाधिकारी और सभी मेरे बड़े भाई इष्ट मित्र आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के निदेशक अंकित दुग्गर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय समीक्षा

**धार।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी पीएम राहत योजना (प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल उपचार एवं सुनिश्चित उपचार योजना) के जिले में शत-प्रतिशत और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई। केंद्रीय मंत्रालय के निदेशक श्री अंकित दुग्गर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले से कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा एवं जिला परिवहन अधिकारी (ऋझ्रह्र) श्री हृदेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। योजना के लॉन्च होने के पश्चात से आज तक धार जिले में कुल 140 सड़क दुर्घटनाओं में घायल पीड़ितों को इस योजना के तहत त्वरित कैशलेस उपचार का लाभ दिया जा चुका है। योजना की प्रगति पर संतोष जताते हुए केंद्रीय निदेशक ने मैदानी अमले और निजी व शासकीय अस्पतालों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले के सभी आयुष्मान सूचीबद्ध और नामित (*Empanelled*) अस्पतालों को निर्देशित किया गया है।







# श्रीराम चरण पादुका अभियान में जरूरतमंदों को भेंट की जा रही चप्पलें

**धार। जिले में राम चरण पादुका अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इसका उद्देश्य जिले की गरीब निचली बस्तियों में निवास कर रहे निर्धन परिवार के लोगों को चप्पल (पादुका) भेट करना है। जिले में बड़ी संख्या में निचली बस्तियों में परिवार दिहाड़ी मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे है विडंबना है कि बच्चों का पालन पोषण करने में बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है ऐसे परिवार के लोगों जैसे वृद्ध, बच्चे ,महिलाओं को चप्पल भेट करना है।**

उल्लेखनीय है कि शहर की राजवाड़ा चौक सेवा समिति धार के द्वारा वीर सावरकर जयंती के अवसर पर गुरुवार को वीर सावरकर प्रतिमा को माल्यार्पण करने के बाद धारेश्वर मंदिर प्रांगड़ स्थित श्री राम मंदिर से राम चरण पादुका अभियान की शुरुआत की गई। समिति के अध्यक्ष भाजपा नेता नवनीत जैन (बल्लू भैया) ने बताया कि कई बार शहर की सेवा बस्तियों में बच्चों, महिलाओं को भीषण गर्मी में नंगे पैर घूमते-काम करते हुए देखा गया उसके बाद ही समिति ने प्रण लिया कि सेवा के उद्देश्य से जिलेभर में अभियान चलाकर ऐसे परिवारों को पादुका (चप्पल) भेंट की जायेगी। गुरुवार को वीर सावरकर जयंती के अवसर पर श्री राम को आदर्श मानकर राम चरण पादुका अभियान की शुरुआत की गई।

इसमें बड़ी संख्या ने आस-पास की बस्तियों से बच्चे महिला पादुका लेने के लिए मंदिर प्रांगण में उपस्थित हुए। अध्यक्ष नवनीत जैन एवं अनिल बोरदिया ने नंगे पैर आए बच्चों को अपने हाथों से पादुका पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष नवनीत जैन, संघ के धर्म प्रचार प्रमुख अनिल बोरदिया,दीपक बोरासी , उदय सिंह ठाकुर ऋतुराज देवड़ा अमित शर्मा, कान्हा रानोजा, राकेश चौहान, चेतन राठौर, अभिषेक मिश्रा, वीरेंद्र ठाकुर , अविनाश डावर, श्याम वास्केल सचिन मालवीय, मनीष चौहान, दीपक गहलोत, प्रथम तिवारी, लक्ष्मी रघुवंशी, सचिन रघुवंशी,धर्मेंद्र चौहान लोकेंद्र सिंह तोमर सलोनी राठौर, राकेश चौहान उपस्थित रहे।

# तेंदुए से भिड़े वनरक्षक दद्दूसिंह ठाकुर को 25 हजार प्रोत्साहन राशि

▸ डीएफओ श्री विजयानंथन टीआर के प्रयासों से वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने जारी की राशि



**धार।** वन मण्डल धार के अंतर्गत परिक्षेत्र धामनोद में ग्रामीणों की जान बचाते हुए तेंदुए का बहादुरी से सामना करने वाले वनरक्षक दद्दूसिंह ठाकुर को वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। वन मण्डलाधिकारी धार श्री विजयानंथन टी.आर. के विशेष प्रयासों और त्वरित पत्राचार के बाद यह राशि सीधे वनरक्षक के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है।

उल्लेखनीय है कि गत 22 अप्रैल 2026 को राजस्व क्षेत्र ग्राम गुजरी (डेहरिया) के डाक बंगले के पास एक तेंदुए द्वारा तीन ग्रामीणों को घायल करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा था। तेंदुआ डाक बंगले के पास एक मकान में घुसा हुआ था, जिसकी वन अमले द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही थी।

निगरानी के दौरान मकान के पीछे से अचानक तेंदुए ने ढाल बीट के बीटगार्ड श्री दद्दूसिंह ठाकुर पर हमला कर दिया। ठाकुर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए और ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तेंदुए का साहस से सामना किया। इस हमले में उनके पेट, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर उपस्थित अन्य वनकर्मी ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें तेंदुए के चंगुल से बचाया और तत्काल शासकीय अस्पताल धामनोद पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका उपचार किया गया।

कर्तव्य के दौरान घायल होने वाले वनकर्मियों को प्रोत्साहन देने वाली संस्था वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया नई दिल्ली से श्री ठाकुर को सहायता दिलाने के लिए वन मण्डलाधिकारी श्री विजयानंथन टी.आर. द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3181 तिथि 22 मई 2026 के माध्यम से अपील की गई थी।डब्ल्यु.टी.आई. नई दिल्ली द्वारा वनरक्षक के इस अदम्य साहस और अनुकरणीय कार्य को देखते हुए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर उनके खाते में जमा करा दी गई है।

# नौगांव गंगा माता मंदिर में श्री गंगा अवतरण की कथा में झूमे श्रद्धालु

**धार।** कथावाचक दीपक महाराज यजुर्वेद के द्वारा की गई। इस आयोजन में माता बहनों ने गंगा माता अवतरण और भागीरथ जी महाराज की तपस्या की कथा को प्रेमपूर्वक श्रवण किया। कथा वाचक दीपक महाराज ने बताया के राजा भगीरथ की तीसरी पीढ़ी में तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा भगवान शिव की जटा में समाहित हुई। तत्पश्चात् भगवान शिव ने जन कल्याण लोक कल्याण के निमित्त गंगा जी की एक धारा को पृथ्वी पर छोड़ा और जिस दिन गंगा माता धरती पर अवतरित हुई थी उसे दिन को हम लोग सनातन धर्मी गंगा अवतरण दिवस अर्थात गंगा दशमी के रूप में मनाते हैं।

आज हम सभी को मां गंगा की स्वच्छता के लिए संकल्प लेना चाहिए और गंगा माता की कृपा से सनातन धर्म में अटूट श्रद्धा और विश्वास रखते हुए जनमानस में प्रेम का संदेश पहुंचाना चाहिए। जब गंगा मां धरती पर आने वाली थी तब उन्होंने राजा भगीरथ से कहा कि लोग मुझ में अपना पाप धोएंगे किंतु मैं इस पाप को कहां पर उतारूंगी। तब राजा भागीरथ जी महाराज ने कहा कि जब संत समाज आपकी धारा में स्नान करने के लिए उतरेगा तो उनके पुण्य प्रताप से आप भी पाप मुक्त हो जाओगी। गंगा माता का जन मानस में आज भी अटूट प्रेम और विश्वास है और जिस व्यक्ति को मरण काल में गंगाजल का पान कराया जाता है, वह मनुष्य भी सारे पापों को नष्ट करके तत्क्षण मोक्ष को प्राप्त होता है। मां गंगा का विवाह राजा शांतनु से किया गया और मां गंगा के पुत्र राजा भीष्म की भीष्म प्रतिज्ञा भी तीनों लोकों में विख्यात है। इस प्रकार से मां गंगा अपने भक्तों को मुक्ति और भक्ति प्रदान करती है मां गंगा सबका कल्याण करे।

# पहले लोग जंगल में शिकार करते थे अब जंगलों का ही शिकार करने लगे

इन्दौर. मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के समसामयिक अध्ययन केंद्र द्वारा आसमान से बरसती आग: धरती की चुनौतियाँ विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया.विषय प्रवर्तन करते हुए केंद्र की मंत्री डॉ. मीनाक्षी स्वामी ने कहा कि आज आसमान से जो आग बरस रही है, उसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं. मगर हम एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं.झ इसे सुधारने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे. विषय पर पर्यावरणविद्, शिक्षाविद् डॉ. शंकरलाल गर्ग ने अपने सारभूत उद्बोधन में कहा कि मनुष्य अपने विकास की राह पर इस प्रकार से चला कि रोटी, कपड़ा, मकान की पूर्ति के बाद वह लालची हो गया और उसने प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना शुरु कर दिया. सूर्य पृथ्वी से 14 लाख किलोमीटर दूर है और 3 लाख पृथ्वी के बराबर है, फिर भी उसकी आग को इस जमीन पर पेड़-पौधे सहन कर लेते रहे, लेकिन मनुष्य ने अपने लालच में पेड़ों को नहीं काटा, बल्कि पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाता रहा, पहले लोग जंगल में शिकार करते थे अब जंगलों का ही शिकार करने लगे. स्वागत भाषण प्रचार मंत्री हरेराम बाजपेयी ने दिया, अतिथि परिचय शिक्षा व परीक्षा मंत्री उमेश पारेख ने. अतिथि स्वागत प्रकाशन मंत्री अनिल भोजे ने किया तथा स्मृति चिन्ह ने प्रदान किया. आभार माना अर्थ मंत्री राजेश शर्मा ने। कार्यक्रम में अभ्यास मण्डल के डॉ. रामेश्वर गुप्ता के अलावा पर्यावरणविद् डॉ. ओ.पी. जोशी, डॉ. बाघेला, प्रणीता दीक्षित, डॉ. गिरिशमा त्रिवेदी, किशोर यादव, अनिता नाईक, प्रकाश गर्ग, नितेन्द्र मानव आदि काफी संख्या में शहर के पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे.

### बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम स्तर तक अधिकारी घोषित

**धार।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रभावी रोकथाम और उन्मूलन के लिए धार जिले में जिला स्तर से लेकर सुदूर ग्राम स्तर तक प्रशासनिक अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। संचालक, महिला एवं बाल विकास, मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना द्वारा इस संबंध में विस्तृत शासकीय आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 की उपधारा (1) के अंतर्गत भारत सरकार और राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के परिपालन में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष के दावेदार माने जा रहे निखिल

▸ विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों जिला संयोजकों की नियुक्तियों को लेकर चर्चाओं का दौर

**मांडू।** भाजपा संगठन द्वारा नवगठित धार (ग्रामीण) जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों एवं जिला संयोजकों की नियुक्तियों को लेकर संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राजनीतिक गलियारों और ग्रामीण चौपालों में फिलहाल सबसे अधिक चर्चा भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद को लेकर हो रही है। संगठन में युवा मोर्चा को भाजपा की ऊर्जा, ताकत और भविष्य की नेतृत्व शक्ति माना जाता है। यही वह शक्ति है जिसके दम पर भाजपा का संगठन युवाओं के बीच मजबूत पकड़ बनाए हुए है।विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार नवगठित धार (ग्रामीण) जिले के प्रथम भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष का दायित्व धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र के खाते में जाने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि भाजपा संगठन में अंतिम निर्णय का अनुमान लगाना आसान नहीं माना जाता,राजनीतिक चर्चाओं में कुछ नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं जिनमें धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र से नालछा के निखिल ग्वाल का नाम प्रमुख दावेदारों में शामिल माना जा रहा है। पिछले लगभग 13 वर्षों से भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय निखिल ग्वाल संगठन द्वारा दिए गए विभिन्न दायित्वों का समर्पण और सक्रियता के साथ मंडल,विधानसभा, जिला और संभाग स्तर पर निर्वहन किया और हर दायित्व को गंभीरता और निष्ठा के साथ निभाया है। संगठनात्मक कार्यशैली, सरल व्यवहार, नेतृत्व क्षमता और जमीनी पकड़ के कारण निखिल ग्वाल ने जिले के वरिष्ठ नेताओं के बीच भी अपनी अलग पहचान बनाई है।

2018 के विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा की ओर से इंदौर विधानसभा क्रमांक-3 के प्रभारी रहते हुए उन्होंने तत्कालीन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता स्व. उमेश शर्मा के नेतृत्व में कार्य किया, जहां भाजपा प्रत्याशी आकाश विजयवर्गीय की जीत हुई। इसमें निखिल ग्वाल की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी गई थी। वहीं धार ग्रामीण जिले की चार विधानसभा सीटों में से वर्तमान में केवल धरमपुरी विधानसभा में भाजपा का विधायक होने के कारण यह विशेष महत्व रखता है।

## एक नजर में

**जैव विविधता अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

# अवैध रूप से संग्रहित छाल और बीजों का बड़ा जखीरा जब्त

**धार। वन विभाग की टीम ने एक बड़ी करते हुए सागोर कुटी स्थित नेचुरल लिविंग प्राइवेट कंपनी के गोदामों पर छापा मारकर भारी मात्रा में विभिन्न प्रजातियों की छाल और बीजों का अवैध संग्रहण जब्त किया है। कंपनी प्रबंधन द्वारा संग्रहण से जु? कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर वन विभाग ने जैव विविधता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।**



वन मण्डलाधिकारी धार विजयानंथम टीआर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी माण्डव श्री सचिन सयदे के मार्गदर्शन में वन अमले को सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम सागोर कुटी स्थित नेचुरल लिविंग प्राइवेट कंपनी के परिसर पहुंची। टीम द्वारा जब कंपनी के गोदाम क्रमांक 01 एवं 02 का सघन निरीक्षण किया गया, तो वहाँ भारी मात्रा में विभिन्न प्रजातियों की छाल और बीज संग्रहित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान वन विभाग की टीम ने कंपनी के प्रबंधक और उपस्थित कर्मचारियों से इस संग्रहण के संबंध में वैध दस्तावेज और रिकॉर्ड (अभिलेख) मांगे। परंतु, कंपनी प्रबंधन द्वारा मौके पर कोई भी वैध स्वामित्व या परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

वन परिक्षेत्र अधिकारी माण्डव द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण क्रमांक 255/19 ( 27 मई 2026) दर्ज किया गया। यह कार्यवाही जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 7 के तहत कायम की गई है। गोदामों में रखी समस्त छाल और बीजों को वन विभाग द्वारा सीज (जब्त) कर लिया गया है। जब्त की गई छाल और बीजों की प्रजातियों की विस्तृत जांच की जा रही है।

इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी माण्डव श्री सचिन सयदे के साथ ही श्री संतोष उपाध्याय (कार्यवाहक वनपाल), जितेन्द्र चौधरी (वन रक्षक) और रितेश त्रिवेदी (वन रक्षक, वन परिक्षेत्र माण्डव) की सराहनीय और मुख्य भूमिका रही।